an>

Title: Need to provide adequate power supply in Dhaurahra Parliamentary Constituency in UP.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मेरा ससंदीय क्षेत्र धौरहरा (उत्तर प्रदेश) पूर्णतया ग्रामीण क्षेत्र है। हमारे क्षेत्र में बिजली बहुत कम समय के लिए आती है, यदि आती भी है तो जर्जर व खराब ट्रांसफार्मर के कारण बिजली गांव तक नहीं पहुंच पाती तथा इसका लाभ गांवों को नहीं मिल पाता है। साथ ही जर्जर तार टूटने से आए दिन जान-माल, किसानों की फसलों और पशुओं की मृत्यु व जन-धन की हानि होती रहती है। अभी हमारे क्षेत्र के कस्बा मितौली में विद्युत उपकेन्द्र पर एक व्यक्ति की मृत्यु इसका सामान्य उदाहरण है। साथ ही अधिकारियों की उदासीनता व असंवेदनशीलता प्रतीत होती है। संबंधित अधिकारियों ने इस घटना पर कोई भी कार्यवाही नहीं की, इस पर काफी अमल करने का विषय है और जिन गांवों में बिजली हेतु कार्य चल रहा है, इनकी गुणवत्ता अत्यधिक खराब है तथा काफी लंबे समय से खम्भे ही लगाकर खड़े कर दिए गए हैं। शेष कार्रवाई नहीं हो रही है।